दिन– रविवार | दिनांक– 08/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने जदयू की औपचारिक सदस्यता ग्रहण की। श्री कुमार ने कहा– वे पिता के मार्गदर्शन में बिहार को विकसित बनाने का काम करेंगे।

03. आईसीसी टी–ट्वेंटी वर्ल्ड कप के खिताबी मुकाबले में भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में मैच जारी।

04. और, मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के कई स्थानों पर कल से ग्यारह मार्च तक तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि महिलाएं अवसर और सहयोग मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि उद्यमिता हो या कॉर्पोरेट जगत, महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है साथ ही कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

———बाइट———

हमारा देश तेजी से प्रगति करे और नागरिकों की पूर्ण क्षमता का राष्ट्रहित में उपयोग हो सके। इसके लिए जरूरी है कि हम न केवल अपनी बेटियों को ऊंचे सपने देखने के लिए प्रेरित करें बल्कि, उन सपनों को पूरा करने के लिए भी हम उनके कदम से कदम मिलाकर सहयोग करें।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि आज भारत की महिला शक्ति हर क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहीं हैं और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

———बाइट———

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा है कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में महिलाओं को हमेशा उचित सम्मान मिला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा, शिक्षा एवं सामाजिक तथा आर्थिक विकास के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला दिवस पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के प्रति हमेशा प्रयत्नशील रहें।

---

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियों के लिए ऑनलाईन पोर्टल का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने बाल विवाह उन्नूलन के लिए ड्राफ्ट गाईडलाईन का विमोचन किया। श्री सहनी ने महिलाओं को समर्पित पिंक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

---

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस दिवस के है। इस वर्ष का विषय है– महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और प्रयास। यह दिवस महिला अधिकारों को मजबूत करने, न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और स्त्री–पुरुष समानता में तेजी लाने की भावना को दर्शाता है।

———बाइट———

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विश्वभर में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय, जातीय, भाषाई, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक सीमाओं से परे महिलाओं की भूमिका को मान्यता देने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के लिए समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित करने पर बल देना है। भारत में केंद्र सरकार भी महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न नीतियों, योजनाओं और विधायी उपायों के माध्यम से लगातार प्रयास कर रही है। देश में लड़कियों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की समान पहुँच सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की गई हैं। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस "गिव टू गेन" नामक वैश्विक अभियान के साथ मनाया जा रहा है। नीतिका गुप्ता आकाशवाणी समाचार नई दिल्ली।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने आज आधिकारिक तौर पर जदयू की सदस्यता ग्रहण कर ली है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने निशांत कुमार को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। वहीं, निशांत कुमार ने पार्टी की ओर से उन पर विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और लोगों तक जदयू की नीति को पहुंचाने का संकल्प लिया। श्री कुमार ने कहा कि वे अपने पिता के मार्गदर्शन में बिहार को विकसित बनाने का काम करेंगे।

———बाइट———

इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कांग्रेस ने निशांत कुमार के जदयू में शामिल होने पर शुभकामना दी है। वहीं, राजद ने इसे जदयू का आंतरिक मामला बताया है।

---

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने निशांत कुमार की सदस्यता पर कहा कि वह संगठन को और मजबूत बनायेंगे। श्री झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही बिहार की एनडीए सरकार अपना बचा हुआ कार्यकाल पूरा करेगी।

———बाइट———

खाद्य उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेशी सिंह ने निशांत कुमार के जदयू में शामिल होने पर कहा कि उनके आने से पार्टी और मजबूत होगी।

———बाइट———

वहीं, ग्रामीण विकास और परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पार्टी लंबे समय से निशांत कुमार को संगठन में शामिल करने की मांग कर रही थी। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इसके लिए धन्यवाद दिया।

———बाइट———

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने निशांत कुमार के जदयू में शामिल होने पर कहा कि वे राजनीतिक अनुभव लेकर आये है। श्री सिन्हा ने निशांत के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के नेहरू पथ में पांच सौ बयालीस करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़ने वाली सुरंग के काम का आरंभ किया। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी इस आधुनिक भूमिगत सुरंग में गोल्फ कार्ट सेवा और लिफ्ट की सुविधा भी होगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थि थे।

---

पश्चिम एशिया संघर्ष के चलते उड़ानों की बढ़ती मांग को देखते हुए एयर इंडिया ने दस से अठारह मार्च के बीच नौ मार्गों पर अठहत्तर अतिरिक्त उड़ानें संचालित करने का निर्णय लिया है। एयरलाइन ने कहा है कि ये अतिरिक्त उड़ानें दिल्ली से न्यूयॉर्क, लंदन, फ्रैंकफर्ट, पेरिस, एम्स्टर्डम, ज्यूरिख, कोलंबो, माले और मुंबई से लंदन के लिए संचालित होंगी।

---

सारण जिले के छपरा में जगदंब कॉलेज ढ़ाला के पास अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान बालू माफियाओं के हमले में खनन निरीक्षक समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब खनन निरीक्षक प्रदीप कुमार की टीम अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले जा रही थी। इसी बीच बीस से पच्चीस की संख्या में बालू माफियाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया। हमले में पुलिस वाहन बुरी तरह श्रतिगस्त हो गया। जबकि वाहन में बैठे खनन निरीक्षक समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गये। पुलिस की जवाबी कार्रवाई से पूर्व बालू माफिया जब्त ट्रैक्टर को छुड़कार फरार हो गए। खनन निरीक्षक के बयान पर बालू माफियाओं के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सारण प्रक्षेत्र के डीआईजी नीलेश कुमार ने कहा

है कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

पटना का संजय गांधी जैविक उद्यान आज से एक बार फिर पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। बर्ड फ्लू की आशंका के चलते इसे अस्थायी रूप से बंद किया गया था। पटना जू में बर्ड फ्लू की जांच नेगेटिव आने के बाद प्रशासन ने इसे खोलने का फैसला लिया है। उद्यान के निदेशक हेमंत पाटिल ने बताया है कि रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद भी सतर्कता कम नहीं की गई है। पर्यटक दस फीट दूर से ही जानवरों या पक्षियों को देख सकते हैं।

---

आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप के खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी चुनी है। ताजा समाचार मिलने तक भारत ने बिना विकेट खोये 98 रन बना लिए हैं। फाइनल मैच को देखने के लिए गुजरात के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट प्रेमियों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी है। फाइनल मैच में टीम इंडिया को समर्थन देने के लिए कई पूर्व भारतीय क्रिकेटर और बॉलीवूड सहित अन्य क्षेत्रों के दिग्गज लोग उपस्थित हैं।

---

राज्य में डेयरी सेक्टर को मजबूत करने के लिए प्रदेशभर में चार हजार से अधिक नए दूध कलेक्शन सेंटर खोले जाएंगे। बिहार राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड के अनुसार दूध की गुणवत्ता जांचने के लिए नवासी अत्याधुनिक मशीनें लगाई जाएंगी। कॉमफेड ने कहा है कि दूध को सुरक्षित रखने के लिए तैंतालीस मिल्क कूलर भी स्थापित किए जाएंगे। इस पूरी योजना पर 50 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे। कॉमफेड के अनुसार बिहार में दूध उत्पादन और संग्रहण लगातार बढ़ रहा है। इस साल जनवरी में एक दिन में रिकॉर्ड अठाईस लाख किलोग्राम से अधिक दूध का कलेक्शन हुआ है।

---

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में ग्यारह मार्च तक बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी सम्भावना है।

———बाइट———

---

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से पटना में महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला कृषकों के सशक्तिकरण और कौशल विकास बढ़ाने पर जोर दिया गया।

---

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सुपौल में एसएसबी पैंतालीसवीं बटालियन की ओर से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इसमें एसएसबी की महिला कर्मियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

---

रक्सौल में महिला दिवस के अवसर पर अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन किया।

---

छपरा में महिला दिवस पर निबंध लेखन, पेंटिंग, वाद–विवाद और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

---

शेखपुरा में महिला दिवस पर जीविका सहित अन्य क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

भागलपुर के टीएनबी कॉलेज खेल मैदान में छात्राओं के बीच दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

अररिया के रेड क्रॉस भवन में महिला दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

पूर्व कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने मोतिहारी में भाजपा के देशव्यापी अभियान– पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया।

कटिहार रेल पुलिस ने ओवर हेड तांबा तार चोरी के मामले में चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने जदयू की औपचारिक सदस्यता ग्रहण की। श्री कुमार ने कहा– वे पिता के मार्गदर्शन में बिहार को विकसित बनाने का काम करेंगे।

03. आईसीसी टी–ट्वेंटी वर्ल्ड कप के खिताबी मुकाबले में भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में मैच जारी।

04. और, मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के कई स्थानों पर कल से ग्यारह मार्च तक तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया।